


सेन्ट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड की पत्रिका

अंक : 564 वर्ष 43

राँची, 31 जनवरी, 2021

# सीसीएल में गणतंत्र दिवस समारोह का आयोजन



गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में उपस्थित जनों को संबोधित करते अप्रनि श्री पी. एम. प्रसाद



गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में गुब्बारे उड़ाते अप्रनि श्री पी. एम. प्रसाद एवं निदेशकगण

सीसीएल मुख्यालय, राँची सहित सभी क्षेत्रों में गणतंत्र दिवस, 2021 समारोह उचित सामाजिक दूरी का अनुपालन करते हुए आयोजित किया गया। मुख्यालय, दरभंगा हाउस, राँची के प्रांगण स्थित 'कन्वेंशन सेंटर' में अप्रनि श्री पी.एम. प्रसाद ने ध्वजोत्तोलन उपरांत राष्ट्रीय ध्वज को सलामी दी। उन्होंने समारोह में उपस्थित सभी कार्मिकों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ दी।

समारोह में विशिष्ट अतिथि निदेशक, तकनीकी/संचालन, श्री वी.के श्रीवास्तव, निदेशक (वित्त), श्री एन.के. अग्रवाल, मुख्य सतर्कता अधिकारी श्री एस.के. सिन्हा सहित विभिन्न विभागों के महाप्रबंधक/विभागाध्यक्ष तथा कार्मिक व अन्य सामाजिक दूरी का उचित अनुपालन करते हुए उपस्थित रहे। इसका सीधा प्रसारण यूट्यूब पर किया गया।

अवसर विशेष पर मुख्य अतिथि श्री पी.एम. प्रसाद सहित निदेशकगण तथा अन्य विशिष्ट अतिथियों ने एकसाथ मिलकर समृद्धि, शांति एवं प्रगति के प्रतीक स्वरूप तीन रंगो के गुब्बारे आकाश में उड़ाये। श्री प्रसाद अपने संबोधन में कहा कि हम भारतीयों के लिए आज का दिन सर्वाधिक महत्वपूर्ण है क्योंकि 26 जनवरी, 1950 को हमारा देश गणतंत्र राष्ट्र बना। उन्होंने आगे कहा कि भारत सहित पूरा विश्व कोरोना वैश्विक महामारी के रूप में एक अभूतपूर्व चुनौती को पार करके पुनः प्रगति के पथ पर आगे बढ़ चुका है। सीसीएल सुरक्षा के सभी मानदंडों का अनुपालन करते हुए निरंतर कोयले का उत्पादन कर रहा है। खान सुरक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान हेतु सीसीएल को हाल ही में "कोल मिनिस्टर अवार्ड – 2020" से सम्मानित किया गया है, जो कि संपूर्ण सीसीएल परिवार के लिए गर्व की बात है।

श्री प्रसाद ने कहा कि कोरोना महामारी के कारण सम्पूर्ण विश्व में व्याप्त आर्थिक मंदी के बावजूद सीसीएल कोयले का निर्बाध उत्पादन जारी रखते हुए वर्तमान वित्तीय वर्ष 2020–21 में विगत वर्ष की भांति लक्ष्य प्राप्ति की ओर पूर्ण प्रतिबद्धता के साथ आगे बढ़ रहा है। कोयला मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा सीसीएल सहित अन्य अनुषंगी कंपनियों में स्वच्छता संबंधी कार्यों का आकलन किया गया। सीसीएल के रजरप्पा क्षेत्र को स्वच्छता के अनुपालन हेतु 'प्रथम पुरस्कार' से सम्मानित किया गया।

इससे पूर्व निदेशक तकनीकी (संचालन) श्री वी.के. श्रीवास्तव ने केन्द्रीय अस्पताल, गांधीनगर में राष्ट्रीय ध्वज फहराया तथा उपस्थित श्रमिक संघ के नेताओं तथा गणमान्य व्यक्तियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ दी।

# अध्यक्ष, कोल इंडिया ने कोरोना योद्धाओं को सम्मानित किया

## श्री प्रमोद अग्रवाल ने 'व्यवसायिक प्रशिक्षण केंद्र' का उद्घाटन किया

23 जनवरी को मुख्यालय, राँची स्थित 'कन्वेंशन सेंटर' में आयोजित कार्यक्रम में कोल इंडिया अध्यक्ष श्री प्रमोद अग्रवाल ने सीसीएल अस्पताल में कार्यरत चिकित्सक, पारा–मेडिकल स्टाफ एवं नर्स को 'कोरोना योद्धा' के रूप में संज्ञापित करते हुए सम्मानित किया। साथ ही, प्लाजमा दान हेतु उन्होंने संक्रामक कोविड–19 रोग से स्वस्थ्य हुए 6 कार्मिकों को भी सम्मानित किया।

इस अवसर पर अप्रनि श्री पी.एम. प्रसाद, निदेशक तकनीकी (संचालन) श्री वी.के. श्रीवास्तव, निदेशक (वित्त) श्री एन.के. अग्रवाल, निदेशक (कार्मिक) श्री विनय रंजन, मुख्य सतर्कता अधिकारी श्री एस.के. सिन्हा, सीएमएस सीसीएल डॉ. मंजू मिश्रा एवं विभिन्न विभागों के महाप्रबंधक, विभागाध्यक्ष सहित सीसीएल कर्मी उचित सामाजिक दूरी का पालन करते हुए उपस्थित थे।

इस अवसर पर सीआईएल अध्यक्ष, श्री प्रमोद अग्रवाल ने चिकित्सक, पारा मेडिकल स्टाफ, नर्स एवं सफाई–कर्मियों की प्रशंसा करते हुए कहा कि कोरोना महामारी के इस कठिन समय में उनकी निष्ठा एवं समर्पण प्रशंसनीय है।

अप्रनि श्री पी.एम. प्रसाद ने कहा कि कोरोना महामारी के दौरान चिकित्सा कर्मियों ने सीसीएल के दो केन्द्रीय अस्पतालों क्रमशः गांधीनगर तथा रामगढ़ में कोरोना संक्रमितों का सफलतापूर्वक ईलाज कर मानवता के प्रति महत्वपूर्ण योगदान दिया है। चिकित्सा कर्मियों ने स्वयं को जोखिम में डालकर जिस तरह से मरीजों की सेवा की है वह उल्लेखनीय है।

निदेशक (कार्मिक) श्री विनय रंजन ने अपने स्वागत भाषण में कहा कि इस महामारी के दौरान चिकित्सकों का मानवीय रूप देखने को मिला है।

अवसर विशेष पर अध्यक्ष श्री प्रमोद अग्रवाल ने मगध एवं आम्रपाली में एक 'वोकेशनल ट्रेनिंग सेंटर' का ऑनलाइन उद्घाटन किया। साथ ही उन्होंने 'रेस्ट शेल्टर' एवं 'प्राथमिक–चिकित्सा कक्ष' का भी ऑनलाइन उद्घाटन किया। सीसीएल की इस पहल से मगध एवं आम्रपाली परियोजना के आसपास रहने वाले ग्रामीणों को निश्चित लाभ होगा।

# "कोल मिनिस्टर सेफ्टी अवार्ड" से सीसीएल सम्मानित

केंद्रीय कोयला एवं खान मंत्री श्री प्रल्हाद जोशी ने 21 जनवरी को नई दिल्ली में आयोजित एक समारोह में कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल) की अनुषंगी कंपनी सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड (सीसीएल) सहित नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एनसीएल) और वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (डब्ल्यूसीएल) को "कोल मिनिस्टर सेफ्टी अवार्ड" प्रदान किया। सीसीएल को सुरक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्यों हेतु यह पुरस्कार प्रदान किया गया है। राष्ट्र में कोयला–खनन के क्षेत्र में श्रेष्ठ व संवहनीय कार्यप्रणाली को बढ़ावा देने के लिए उक्त पुरस्कार की शुरुआत की गई है।

एनसीएल को कोयला उत्पादन एवं उत्पादकता में शानदार प्रदर्शन के लिए पुरस्कृत किया गया है, जबकि सीसीएल और डब्ल्यूसीएल को सर्वश्रेष्ठ सुरक्षा प्रणालियों के अंगीकरण एवं संवहनीय खनन कार्यों के लिए यह पुरस्कार दिया गया है।

श्री जोशी ने कहा कि कोयला भारत की ऊर्जा आकांक्षाओं की जीवन–रेखा है और आगे भी रहेगा। भारत, कोयला उत्पादन के परिक्षेत्र में सुरक्षा एवं संवहनीयता के सभी मानदंडों का अनुपालन करने के साथ–साथ आत्मनिर्भर बनने के लक्ष्य की ओर निरंतर अग्रसर है।




कोयला मंत्री श्री प्रल्हाद जोशी से पुरस्कार प्राप्त करते अप्रनि श्री पी. एम. प्रसाद

# श्री विनय रंजन, निदेशक (कार्मिक), सीसीएल "सीएचआरओ ऑफ द ईयर अवार्ड" से सम्मानित



30 जनवरी को कोलकाता में आयोजित 'एचआरडी इंडिया अवार्डस समारोह' में श्री विनय रंजन, निदेशक (कार्मिक), सीसीएल एवं ईसीएल को 'सीएचआरओ ऑफ द ईयर अवार्ड' (CHRO of the Year Award) से सम्मानित किया गया। यह पुरस्कार श्री रंजन को मानव संसाधन के क्षेत्र में व्यापक व्यावहारिक परिवर्तन लाने के लिए प्रदान किया गया है।

इस अवसर पर निदेशक (कार्मिक) श्री विनय रंजन ने कहा कि इस पुरस्कार से पूरे सीसीएल परिवार का मनोबल बढ़ेगा और हमें इस दिशा में और अधिक उत्साह के साथ कार्य करने हेतु प्रेरित भी करेगा।

# स्वच्छता के अनुपालन हेतु रजरप्पा क्षेत्र को प्रथम पुरस्कार

## अप्रनि श्री पी. एम. प्रसाद ने रजरप्पा क्षेत्र को सम्मानित किया




स्वच्छता हेतु प्रथम पुरस्कार प्राप्त रजरप्पा क्षेत्र के टीम के साथ अप्रनि श्री पी. एम. प्रसाद

सेन्ट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड के रजरप्पा क्षेत्र को स्वच्छता के प्रति उल्लेखनीय कार्यों के लिए कोयला मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली द्वारा 'प्रथम पुरस्कार' से सम्मानित किया गया। 04 जनवरी 2021 को मुख्यालय, दरभंगा हाउस, राँची स्थित 'विचार मंच' में आयोजित 'सम्मान समारोह' में अप्रनि, सीसीएल श्री पी.एम. प्रसाद ने कोयला मंत्रालय द्वारा प्रेषित स्वच्छता का 'प्रथम पुरस्कार' रजरप्पा क्षेत्र के महाप्रबंधक, श्री आलोक कुमार तथा उनकी टीम को देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर निदेशक तकनीकी (योजना/परियोजना) श्री भोला सिंह, निदेशक (कार्मिक) श्री विनय रंजन एवं मुख्य सतर्कता अधिकारी श्री एस.के. सिन्हा द्वारा स्वच्छता के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्यों के लिए समस्त क्षेत्रीय सीएसआर नोडल अधिकारियों को पुरस्कृत किया गया।

विदित हो कि रजरप्पा क्षेत्र ने स्वच्छता माह के दौरान स्वच्छता संबंधी विभिन्न कार्य जैसे कोरोना काल के दौरान अस्पतालों का पूर्ण विसंक्रमण, निकटवर्ती क्षेत्रों में नालियों की सफाई एवं झाड़ियों की कटाई की गई। साथ ही स्थानीय दुकानदारों के मध्य कागज के कप एवं पेपर स्ट्रॉ का वितरण, सफाई कर्मियों के बीच दस्ताने एवं फेस मास्क आदि का वितरण किया गया था एवं सभी को इसका उपयोग करने हेतु प्रेरित भी किया गया।

अ.प्र.नि श्री पी.एम. प्रसाद ने रजरप्पा क्षेत्र को स्वच्छता क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों की सराहना करते हुए उन्हें बधाई दी।

निदेशक तकनीकी (योजना/परियोजना) श्री भोला सिंह ने कहा कि जिस तरह से रजरप्पा क्षेत्र ने स्वच्छता क्षेत्र में अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से प्रथम पुरस्कार प्राप्त किया है वह बधाई के पात्र हैं।

निदेशक (कार्मिक) श्री विनय रंजन ने रजरप्पा टीम को बधाई देते हुए कहा कि रजरप्पा क्षेत्र ने स्वच्छता के क्षेत्र में एक अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत किया है।

अवसर विशेष पर मुख्यालय के विभिन्न विभागों के महाप्रबंधक, विभागाध्यक्ष एवं कर्मियों ने उचित सामाजिक दूरी का पालन करते हुए समारोह में भाग लिया। स्वागत भाषण महाप्रबंधक (सीएसआर) श्री ए.के. सिंह ने किया तथा धन्यवाद ज्ञापन मुख्य प्रबंधक (सीएसआर) श्री एस.एस. लाल ने किया। मंच संचालन वरीय प्रबंधक (सीएसआर) श्री संजय द्वारा किया गया।

# सीसीएल में 'खुशियों की झोली' संग्रहण कैम्प का आयोजन

मुख्यालय, दरभंगा हाउस, राँची में जरूरतमंदों के कल्याण हेतु दो दिवसीय संग्रहण कैम्प – 'खुशियों की झोली' का आयोजन किया गया (07 एवं 08 जनवरी, 2021)। कैम्प का उद्घाटन सीसीएल के महाप्रबंधक (का.–औ.सं.) श्री उमेश सिंह, महाप्रबंधक (कल्याण/प्रशासन) डॉ ए.के. सिंह, महाप्रबंधक (सामाजिक सुरक्षा/कर्म. स्था.) श्री यू.पी. नारायण ने किया। कार्यक्रम का आयोजन सीसीएल, एक्सआईएसएस, प्रकृति एवं मिशन ब्लू फाउंडेशन के सहयोग से किया गया।

इस अवसर पर सीसीएल की ओर से वरीय प्रबंधक (कार्मिक) श्री एस. जमाल, प्रबंधक (खेल) श्री आदिल हुसैन, एक्सआईएसएस की ओर से श्री जसबीर सिंह खुराना, श्री हिमालय, श्री हर्ष, श्रीमती श्वेता, श्रीमती पूजा, मिशन ब्लू से श्री पंकज सोनी की टीम एवं अन्य उपस्थित थे।

कैम्प में अप्रनि, श्री पी.एम. प्रसाद ने बीस कम्बल दान किये। सीसीएल कार्मिकों ने दो दिवसीय कैम्प में लगभग 350 कम्बल एवं सैकड़ों गर्म कपड़े गरीबों व जरूरतमंदों के लिए स्वेच्छा से दान किये।

अप्रनि श्री पी.एम. प्रसाद ने दो दिवसीय कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए पूरी टीम विशेषकर युवाओं को बधाई दी और कहा कि प्राकृतिक आपदा के समय सभी इस प्रकार के कार्य करते हैं परंतु आम दिनों में यह पहल करना निश्चय ही एक सराहनीय कार्य है। उन्होंने आयोजकों से इस तरह के कार्यक्रमों का आयोजन सीसीएल कमान क्षेत्रों में भी करने को कहा।

सम्पादक : अनुपम कुमार राणा, विभागाध्यक्ष (जनसम्पर्क) जनसम्पर्क विभाग ● सहायक सम्पादक : मयंक कश्यप, सहायक प्रबंधक (सीडी), दिविक दिवेश, सहायक प्रबंधक (राजभाषा), सीसीएल, दरभंगा हाउस, राँची द्वारा प्रकाशित। (आंतरिक वितरण हेतु)